(A RESEARCH JOURNAL OF HUMANITIES AND SOCIAL SCIENCES)

RNI-UPBIL/2011/38102

ISSN-2231-5837

Indian Journal of Social Concerns

इण्डियन जर्नल ऑफ सोशल कन्सर्न्स

(कला–मानविकी–समाजविज्ञान–जनसंचार–विधि–वाणिज्य–विज्ञान, वैचारिकी की अन्तर्राष्ट्रीय द्विमासिक शोध पत्रिका)

Volume -12: Issue - 54 **July - Aug. 2023** **Ghaziabad**

A RESEARCH JOURNAL OF HUMANITIES AND SOCIAL SCIENCES

(An International Peer-Reviewed & Refereed Journal)

Journal Impact Factor No. : 7.841

Editor
Dr. RAJ NARAYAN SHUKHLA

Guest Editor
Dr. Dhrub Kumar Singh

Editor in Chief
Dr. HARI SHARAN VERMA

Asstt. Editor
Dr. MUKTA SONI

Art Editor
(MS) MANISHA VERMA

Legal Advisor
Dr. JASWANT SAINI
SHRI BHAGWAN VERMA

Office Assistant
JITENDER GIRDHAR

Sub Editor
Dr. PUSHPA
Dr. BEENA PANDEY (SHUKLA)

Managing Editor
Dr. SANGEETA VERMA

Joint Editor
Dr. PRIYANKA SINGH
Dr. SUBHASH SAINI

Computer Operator
MS. NEHA VERMA

- **The responsibility of the originality of the articles/papers shall be of the author.**
- **The editor does not owe any kind of responsibility in this regard**



rub Kumar Singh
uest Editor

Dr. Hari Sharan Verma
D.Litt
Editor in Chief

Dr. Raj Narayan Shukhla
Editor



Dr. Sangeeta Verma
Managing Editor

मानविकी शोध पीठ प्रारम्भ सोसायटी,
गाज़ियाबाद द्वारा संचालित

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय / लेखक	पृष्ठ स.
1.	विश्व शांति के लिए भारत द्वारा किए गए निशस्त्रीकरण के प्रयास और आण्विक नीति डॉ0 रेनू राना	11–15
2.	महिला सशक्तिकरण मधु सिंगला	16–18
3.	Gender Inequality in Mahesh Dattani's Play "Tara": A Critical Analysis Pragini, Dr. Raja Ram	19–21
4.	वैष्णव धर्म की विष्वव्यापकता डॉ0 सुनीता शर्मा	22–24
5.	Scientific Use Of Ornaments And Tradition In Indian Culture Shamsher Singh, Dr Raja Ram	25–30
6.	भारत का विभाजन और साम्प्रदायिकता सतीश देशवाल	31–34
7.	Gotra System Is Helpful To Make A Man Monogamous Shamsher Singh, Dr Raja Ram	35–37
8.	गर्भपात का अधिकार और भारतीय महिलाएं डॉ0 रेणुका पोद्दार	38–42
9.	आपका बंटी में शकुन की नियति स्निग्ध सिंह	43–44
10.	विदेश नीति के संकल्पनात्मक और तात्विक मूलाधार प्रताप सिंह, डॉ0 वेदपाल सिंह	45–48
11.	हिंदी कथा साहित्य में किन्नर समुदाय : एक अध्ययन डॉ0 नरेश कुमारी	49–54
12.	परिवर्तनषील विष्व परिदृष्य और विदेष नीति प्रताप सिंह, डॉ0 वेदपाल सिंह	55–57
13.	वर्तमान भारतीय समाज में महिलाओं की चुनौतियां और संघर्ष डॉ0 भुपेन्द्र कौर	58–59
14.	भारतीय इतिहास में बहुलवाद Dr. Rekha Tyagi	60–63
15.	देवपरम्परा में संगीत सम्बन्धी शास्त्रोक्त वर्णन– हिमाचल प्रदेश के सन्दर्भ में डॉ० संतोष कुमार	64–66
16.	हजारी प्रसाद द्विवेदी की रचना–प्रक्रिया नम्रता कुमारी	67–69
17.	उषा प्रियंवदा की वापसी कहानी में वृद्ध समस्याएँ डॉ0 वर्षा शालिनी कुल्लू	70–72
18.	अमृतलाल नागर के उपन्यास "नाच्यौ बहुत गोपाल" में दलित–समस्या आशा रानी केरकेट्टा	73–74
19.	पाश्चात्य शिक्षा का भारतीय साहित्य पर प्रभाव सुवाति	75–77
20.	दलित विमर्श के नए आयाम डॉ0 बुद्धप्रिय सिद्धार्थ	78–80
21.	प्रधानमन्त्री के रुप में राजीव गाँधी को लोकसभा में प्रचण्ड बहुमत प्राप्ति की समीक्षा डॉ0 जुल्फिकार अली	81–83
22.	मानवाधिकार को प्रभावित करता पर्यावरणीय प्रदूषण भारत के सन्दर्भ में : डॉ0 जिलेदार, डॉ0 आशुतोष	84–86
23.	अथर्ववेद और लोककल्याण दीपमाला	87–88
24.	जनजातीय जीवन और नगरीकरण करम सिंह मुण्डा	89–91

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय / लेखक	पृष्ठ स.
25.	मनीषा कुलश्रेष्ठ के कथा–साहित्य में नारी के विविध रूप पिंकी देवी, डॉ० कृष्णा जून	92–95
26.	घाड़ क्षेत्र की तहसील बेहट में बाढ़ एंव भूमिक्षरण की समस्या एवं समाधान. डॉ0 राजेन्द्र कुमार	96–98
27.	भारत चीन सीमा सम्बन्धः–एक अवलोकन Dr. Bharat Samrat	99–100
28	डॉ शीलधर प्रसाद सिंह : बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी शिल्पा बाड़ा	101–103
29.	मृदुला गर्ग के उपन्यासों में सामाजिक सरोकार रेनू कुन्डू	104–106
30.	भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवहन में भारतीय भाषाओं की भूमिका शकुन्तला बेसरा	107–108
31.	घरेलू एवं कामकाजी शिक्षित महिलाओं के आत्म सम्मान एवं समायोजन से सम्बन्धित साहित्य का अवलोकन नीतू सिंह, डॉ0 सतीष चन्द्र गोयल	109–113
32.	'जूठन' में चित्रित 'यथार्थ' बूटा सिंह	114–116
33.	इक्कीसवीं शताब्दी के आरम्भिक दशकों की हिन्दी कहानियों में नारी चित्रण स्त्री जीवन : तनाव, अलगाव और दबाव रेनू	117–119
34.	अमृतलाल नागर कृत' नाच्यौ बहुत गोपाल' में काम–वासना की समस्याएँ रामईश्वर कुमार	120–122
35.	भारत चीन सीमा विवादः –तिब्बत अध्याय Dr. Bharat Samrat	123–124
36.	पानीपत नगर में ठोस अपशिष्ट के कारणों एवं प्रभावों का एक अध्ययन डॉ.संदीप कुमार यादव, नीलम कुमारी	125–128
37.	जिन्दगी 50–50 : अभिव्यक्त किन्नर जीवन प्रीति नागर, डॉ. मिंतु	129–131
38.	भारतीय चित्रकला में आलेखन की अभिव्यंजना डॉ0 बीना दीक्षित प्रोफेसर	132–134
39.	Impact of Yoga Practice on Alcohol Dependent Patients Mr. Vikas Kumar, Dr. Shalini Kumari	135–137
40.	Significance Of Life Skills Education In Overall Developemnt of Adolescents Shakuntala Devi	138–140
41.	'Accelerating Digital Transformation with Reference to Banking Sector in India Ms Gargi Sharma	141–144
42.	The First Fundamental Source of Law And Order of The World: The Vedas P.L. Gautam	145–148
43.	Title:Custodial Violence in India: A Critical Examination through the Lens of Human Rights Dr. Pawan Kumar, Ms. Samriti	149–151
44.	Stabilty of Fluid Flows Dr. Sandeep Kumar Singh	152–153
45.	Theme of Familial Relationship in Shashi Deshpande's Novel- The Binding vine. Dr. Nirmal Boora	154–157

उषा प्रियंवदा की वापसी कहानी में वृद्ध समस्याएँ

17

डॉ0 वर्षा शालिनी कुल्लू

सारांश

उषा प्रियंवदा महिला कहानीकारों में विशेष उल्लेखनीय नाम है। उषा प्रियवंदा ने परिवारों के बिगड़ते हुए परिदृष्य को बड़ी यथार्थकता के साथ रखा है। उषा प्रियंवदा की 'वापसी' कहानी एक ऐसे ही परिवार की कहानी है। इस कहानी से उषा प्रियंवदा को बहुत प्रसिद्धि भी मिली। उषा प्रियंवदा ने आज के आधुनिक युग में समाज के भीतर टूटते रिश्तों को बड़े ही यथार्थकतापूर्वक दिखाया है। उषा प्रियवंदा ने इस कहानी के माध्यम से यह दिखाया है कि भले ही आज का समाज कितना भी आधुनिक हो जाए, आधुनिकता के नाम पर भले ही हम चाँद तक क्यों न पहुँच जाएँ? लेकिन घर के वे वृद्ध जिन्होंने घर बनाने के चक्कर में अपना जीवन अकेलापन के रूप में काट दिया हो उसके साथ इस तरह का व्यवहार कहाँ तक उचित है? उषा प्रियंवदा ने आधुनिकता की आड़ में जो अपने को इस समाज से आगे समझते हैं उस पर सवाल खड़ा किया है। इस कहानी में भी एक ऐसे ही वृद्ध की कहानी है। आज समाज़ में वृद्धों की समस्या को देखा जा सकता है। समाज आज एक गंभीर समस्याओं से गुजर रहा है और वे वृद्ध–समस्या के रूप में देखा जा सकता है। आज के समाज का सच यह है कि एक माँ–बाप अपने कई बच्चों को आराम से पाल सकते हैं लेकिन वही बच्चा बड़ा होकर एक माँ–बाप को नहीं पाल पाता। आज हमलोग आधुनिक होकर क्या यही सीखे हैं?अगर यही सीखे हैं तो ऐसी आधुनिकता से आधुनिक नहीं होना ज्यादा अच्छा है।

उषा प्रियंवदा की :वापसी' कहानी एक ऐसे ही वृद्ध की कहानी है जिन्होंने अपने बच्चों के चलते शहरों से दूर नौकरी की, हमेशा अकेलापन का दंश झेला। बच्चों और पत्नी को हमेशा शहरों में रखा। जिन्होंने अपने घर को घर बनाने में अपना पूरा जीवन खर्च कर दिए आज वही अपने घर में रिटायरमेंट के बाद फिट नहीं बैठ पाते। इस कहानी में गजाधर बाबू पैंतीस साल की नौकरी के बाद वह रिटायर होकर घर जाने के लिए काफी खुश है। वह पैंतीस साल से इसी दिन का इंतजार कर रहे थे। इस पैंतीस सालों में उन्होंने इसी अकेलापन में रहकर परिवार के बगैर रहकर सुखद दिनों की कल्पना की थी। इसी संदर्भ में उषा प्रियंवदा कहती हैं — "गजाधर बाबू खुश थे। बहुत खुश। पैंतीस साल की नोकरी के बाद वह रिटायर होकर जा रहे थे। इन वर्षों में अधिकांश समय उन्होंने अकेले रहकर काटा था। उन अकेले क्षणों में उन्हांने इसी समय की कल्पना की थी, जब वह अपने परिवार के साथ रह सकेंगे। इसी आशा के सहारे वह अपने अभाव का बोझ ढ़ो रहे थे। संसार की दृष्टि में उनका जीवन सफल कहा जा सकता था।"[1]

सचमुच गजाधर बाबू इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वह नौकरी करते हुए हमेशा यही तो चाहा था कि वह अपने परिवार के साथ समय बितायें। उन्होंने इसी सुख की कामना ने अपना पैंतीस साल बीता दिए। आज वही घड़ी थी जो उन्होंने वर्षों से इंतजार किया था। इसलिए आज गजाधर बाबू खुश थे, बहुत खुश थे। क्योंकि उन्होंने इसी खुशी की आशा में छोटे स्टेशनों में रहकर भी, अभाव के जीवन जीकर भी संतुष्ट थे। दुनिया के नजरों में उनका जीवन सफल कहा जा सकता था क्योंकि उन्होंने शहर में एक मकान बनवा चुके थे, बड़े लड़के अमर और लड़की कान्ति की शादियाँ कर चुके थे। दो बच्चे को ऊँची कक्षाओं मे पढ़ा रहे थे। अब इससे ज्यादा एक पिता को क्या चाहिए? गजाधर बाबू बहुत खुश थे और संतुष्ट भी। वे शहर में अपना घर बनवाया और खुद छोटे–छोटे स्टेशनों पर रहते रहे और हमेशा घर की जरूरतों को पूरा करते रहे। गौर करने वाली बात यह है कि उन्होंने अपने अभावभरी जीवन में भी अपने परिवारों को शहरों में रखा, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दी। आज उसी सबको याद करके रिटायर होने के बाद भी खुश थे। आज इसी स्नेह की आकांक्षी गजाधर बाबू अपने उसी स्नेह की आस में घर जा रहे थे। लेकिन यह खुशी ज्यादा दिन तक नहीं रह सका। जिस दिन वह रिटायर होकर घर पहुँचे उस दिन इतवार का दिन था। सब घर में ही थे, सब रोज की भाँति अपनी–अपनी मस्ती में रमे थे। किसी को पिताजी के रिटायरमेंट को लेकर कोई खास उल्लास, उत्साह, चेहरे पर खुशी नहीं दिख रहा था। सभी परिवार के लोग और इतवार की भाँति ही जी रहे थे। उसी बीच गजाधर बाबू पहुँचते हैं, अपने घर में जाने से पहले जो–जो सपना देखे थे अब उसी को पूरा करने का समय था। नौकरी के कारण बच्चों के साथ कभी मनोविनोद नही कर पाया था। आज उसका भी मन उसी पिता की चाह में मनोविनोद का था। उन्होंने उस मनोविनोद में भाग भी लेना चाहा लेकिन बात वही की वही रही। अब कहानी और आगे बढ़ती है। अब इस घर के बारे में गजाधर बाबू जानना चाहते थे। उनकी व्यवस्था को ठीक करना चाहते थे और इसलिए उन्होंने सुबह का खाना का जिम्मा उनकी भाभी को और शाम का खाना का जिम्मा अपनी बेटी बसन्ती को दिया। दोनों ने इस बात को स्वीकार तो किया लेकिन इससे बचने का उपाय भी कर लिया। बसन्ती शाम का खाना ऐसा बनाया कि कोई खा नहीं सकता था फिर भी गजाधर बाबू ने खाया, लेकिन नरेन्द्र नहीं खा सके। माँ ने उसे मनाकर फिर से अपनी हाथों से बनाकर खिलाया। भाभी ने अलग चाल चली। जो गजाधर बाबू ने इस घर को बनाने में अपना सबकुछ निछावर कर दिया उन्हीं के लिए उस मकान में एक कमरा तक नहीं है। आज उनके लिए इस घर में रहने के लिए अस्थायी प्रबंध किया गया है। इसी संदर्भ में उषा प्रियंवदा लिखती हैं — "नाश्ता कर, गजाधर बाबू बैठक में चले गए। घर छोटा था और ऐसी व्यवस्था हो चुकी थी कि उसमें गजाधर बाबू के रहने के लिए कोई स्थान न बचा था। जैसे किसी मेहमान के लिए कुछ अस्थायी प्रबंध कर दिया जाता

है, उसी प्रकार बैठक की दीवारों को दीवार से सटाकर बीच में गजाधर बाबू के लिए पतली सी चारपाई डाल दी गई।"[2] जिस घर को बनाने में उन्होंने अपना सबकुछ खो दिया सुख, चैन आदि उसी घर में मालिक के लिए जगह नहीं है। उनके लिए अस्थायी प्रबंध किया गया है।, जैसे मेहमानों के अचानक आ जाने पर व्यवस्था की जाती है। गजाधर बाबू आज अपने ही घर में मेहमान जैसे लग रहे थे। वैसा मेहमान जो बिन–बुलाये आ गये हैं। ये आज के आधुनिक युग की विसंगति ही तो है कि कोई वृद्ध अपने ही घर में अजनबी हो जाता है और इसी बारीकि से उषा प्रियंवदा ने इस आधुनिक समस्या को दिखाया है। बसन्ती को शीला के घर जाने से मना करने पर गजाधर बाबू से वो भी बात करना छोड़ दी थी। नरेन्द्र की पत्नी और नरेन्द्र पिताजी से अलग रहना चाहते थे। कारण पहले जिस आजादी से घर में रहते थे, जो मन होता है सो करते थे, दोस्तों को घर बुलवाकर मस्ती करते थे, पत्नी को सिनेमा ले जाता था, अब वह बंद हो गया था। गजाधर बाबू को पत्नी से कम से कम उम्मीद थी लेकिन वह भी इसी घर गृहस्थी में उलझ गयी थी। उनकी पत्नी को भी यह ज्ञात नहीं हो रहा था कि उनके पति के दिल पर क्या गुजर रहा था? इसी संदर्भ में उषा प्रियंवदा लिखती हैं –– "गजाधर बाबू बैठे हुए पत्नी को देखते रह गए। यही थी क्या उनकी पत्नी, जिसके हाथों के कोमल स्पर्श, जिसकी मुस्कान की याद में उन्होंने संपूर्ण जीवन काट दिया था?उन्हें लगा कि वह लावण्यमयी युवती जीवन की राह में कहीं खो गई और उसकी जगह आज जो स्त्री है, वह उनके मन और प्राणों के लिए नितांत अपरिचिता है।"[3]

सचमुच गजाधर बाबू ने जिस घर की कल्पना की थी वह अब बिल्कुल अलग था। जब से बसन्ती को बुरा लगा था उससे भी ज्यादा बुरा गजाधर बाबू को लगा था। वे भी अब इस घर की परिस्थितियों को समझ चुके थे। इसलिए उन्होंने अब इस घर के मामले में न बोलने की बात कह दी। एक दिन जब वह घर लौटे तो देखा कि उनका बिस्तर बैठक में नहीं है, उनका चारपाई पत्नी के कमने में लगी थी जहाँ पर अचार, रजाइयों और कनस्तर पड़ा हुआ था। अचानक से उनके मन में कई विचार उभरने लगे थे। वे सोच रहे थे कि जिस घर में गृहस्वामी के लिए एक चारपाई को रखने की जगह नहीं है, जिस घर में बच्चों के जीवन में उनके लिए कहीं स्थान नहीं, उस घर में परदेशी की तरह ही रहना ज्यादा उचित है। गजाधर बाबू को सबसे ज्यादा दुःख इस बात को लेकर था कि पत्नी ने भी उनके इस बात पर गौर नहीं किया, पत्नी भी उनकी मनःस्थिति को नहीं समझ सकी। गजाधर बाबू ने आहत दृष्टि से अपनी पत्नी को देखा। गजाधर बाबू अब महसूस कर रहे थे कि हम केवल धनोपार्जन के लिए थे, जिसका अपने ही घर में धन कमाने के अलावा कुछ नहीं था। गजाधर बाबू की रिटायरमेंट के बाद का उत्साह सब समाप्त हो चुका था। वह सोच रहे थे कि क्या इसी दिन के लिए उन्होंने इतने कष्ट झेले, सबके साथ रहने के लिए अकेले में रोए। घर में गजाधर बाबू ने नौकर को हटा दिया। इस पर भी अमर के द्वारा कहा गया वह वाक्य काफी सोचनीय है। अमर अपने पिता को 'बुढ़े आदमी' हैं कह संबोधित करता है और कहता है बुढ़े आदमी हैं चुपचाप पड़े र इस बात ने गजाधर बाबू के मन को अंदर से झकझोर दिय सचमुच घर के उस मालिक को जब बुढा कहा गया होगा तो बीता होगा यह आप कल्पना कर सकते हैं। 'वापसी' कह इसलिए आधुनिक कहानियों के केन्द्र में रहा है। यह कहानी 19 में एक सवाल खड़ा कर दिया था। इस संदर्भ में डॉ० रामचंद्र तिव लिखते हैं –– "वापसी एक समय आलोचकों के मन–मस्तिष्क छा गयी थी। इसमें अवकाश ग्रहण करने के बाद गजाधर बाबू अपने ही घर में फालतू या पराया हो जाने का बोध और उ उत्पन्न पीड़ा ने पाठकों को विचलित कर दिया था।"[4]

सचमुच यह कहानी आज के पाठकों को सो पर मजबूर करता है। इस कहानी का अंत तो और भी ज्य सोचनीय है। गजाधर बाबू अब इस घर में अपने को फिट नही पाते हैं इसलिए वह अब इस घर को छोड़ने पर विचार करते इसलिए उन्होंने सेठ रामजीमल के यहाँ नौकरी करने की बात कहते हैं। और कहीं न कहीं उनके मन में यह विश्वास भी होत कि घर के यलोग उन्हें जाने से रोकेंगे कोई नही तो कम से पत्नी तो रोकेगी ही, लेकिन जब घर में इस बात की सूचना दे तो सब स्वाभाविक रूप से तैयार हो जाते हैं। फिर कुछ और कहने की इच्छा होती है लेकिन चुप हो जाते हैं। गजाधर बाबू क हैं –– "मुझे सेठ रामजीमल की चीनी–मिल में नौकरी मिल गई खाली बैठे रहने से तो चार पैसे घर में आएँ, वही अच्छा है। उन तो पहले ही कहा था, मैंने ही मना कर दिया था। फिर कुछ रूक जैसे बुझी हुई आग में एक चिनगारी चमक उठे, उन्होंने धीमें स्व कहा, मैंने सोचा था कि बरसों तुम सबसे अलग रहने के अवकाश पाकर परिवार के साथ रहूँगा। खैर, परसों जाना है। भी चलोगी?मैं?पत्नी ने सकपकाकर कहा मैं चलूँगी तो यहाँ का होगा, इतनी बड़ी गृहस्थी फिर सयानी लड़की?"[5]

गजाधर बाबू का मन अपनी पत्नी के जवा बहुत आहत हुआ। जिस घर के लिए उन्होंने क्या–क्या नहीं कि आज उसी घर में उनके लिए जगह नहीं है। आज हम एक समाज में जी रहे हैं जहाँ एक पिता को बुढ़ा कहा जाता है। घर में बरसों से रहने की आकांक्षा थी, वह धरा का धरा ही रह है। नरेन्द्र ने जितनी तत्परता से रिक्सा को बुला लाया और बि बाँधा। इस बात से साफ जाहिर होता है कि घर के लोग यही च थे। गजाधर बाबू अंत में रिक्सा से चलते हुए बड़े ही आहत ह उस परिवार को देखते–देखते विदा हो गये। घर से जाने के घर के सभी लोग अपने–अपने कामों में लग गए और सबसे बात यह है कि अमर की बहू ने चहकते हुए अमर से पूछा कि सि ले चलिएगा न?और बसन्ती भी उछलकर कहा – भइया हम कितनी अजीब बात है न कि एक ही परिवार में रहने वाले घ

वृद्ध को बेकार समझा जाता है। उनके लिए बुजुर्ग का मतलब चुपचाप किसी कोने में पड़े रहना है। गजाधर बाबू जैसे लोग आज समाज में बहुतेरे मिल जाएँगे जो इस तरह के दंश झेल रहे हैं।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि आज के आधुनिक युग मे हम कहाँ पहुँच गये हैं? इसे फिर से देखने की जरूरत है। आज गजाधर बाबू अपने ही घर में अजनबी बन कर रह गये। जिस घर को बनाने में अपने खून को लेई बना दिये वही रिटायर होने के बाद भी अपने ही घर में अकेलेपन का दंश झेल रहे हैं। आज के समय में वृद्ध समस्या एक अहम समस्या है जिस पर विचार करना जरूरी बन गया है।

शोध–संदर्भ :

1. उषा प्रियंवदा, प्रतिनिधि कहानियाँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1960 ई0, पहला संस्करण 2018 ई0, पृ0 31
2. वही, पृ0 23
3. वही, पृ0 34–35
4. डॉ0 रामचंद्र तिवारी, हिन्दी का गद्य–साहित्य, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1955 ई0, बारहवाँ संस्करण 2018, पृ0 424
5. उषा प्रियंवदा, प्रतिनिधि कहानियाँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1960 ई0, पहला संस्करण 2018 ई0, पृ0 39

सम्पर्क सूत्र –
डॉ0 वर्षा शालिनी कुल्लू
सहायक प्राध्यापिका,
हिन्दी विभाग,
गोस्सनर कॉलेज, राँची,
मो0 नं0 7765925197
फ्लैट नं0 – 2/ए
ब्लॉक ए, असारी रसिडेन्सी
दिनकर नगर, गितिलपीड़ी,
हटिया, राँची – 834003

ISSN - 2231 - 5837 www.ijscjournal.com Journal Impact Factor No. : 7.01
RNI - UPBIL / 2011 / 38102

This International Peer-Reviewed & Refereed Journal
is available in Print as well as Online

Indian Journal of Social Concerns

इण्डियन जर्नल ऑफ सोशल कन्सर्न्स

A RESEARCH JOURNAL OF HUMANITIES AND SOCIAL SCIENCES

(An International Peer-Reviewed & Refereed Journal)

(कला–मानविकी–समाजविज्ञान–जनसंचार–विधि–वाणिज्य–विज्ञान, वैचारिकी की अन्तर्राष्ट्रीय द्विमासिक शोध पत्रिका)

Volume - 12 : Issue - 52 Mar.- Apr. 2023 Ghaziabad

Dr. Dinesh Chander Shukhla
Guest Editor

Dr. Hari Sharan Verma
D.Litt
Editor in Chief

Dr. Raj Narayan Shukhla
Editor

Dr. Sangeeta Verma
Managing Editor

(A RESEARCH JOURNAL OF HUMANITIES AND SOCIAL SCIENCES)

RNI-UPBIL/2011/38102

ISSN-2231-5837

Indian Journal of Social Concerns

इण्डियन जर्नल ऑफ सोशल कन्सर्न्स

(कला–मानविकी–समाजविज्ञान–जनसंचार–विधि–वाणिज्य–विज्ञान, वैचारिकी की अन्तर्राष्ट्रीय द्विमासिक शोध पत्रिका)

Volume -12: **Issue - 52** **Mar. - Apr. 2023** **Ghaziabad**

A RESEARCH JOURNAL OF HUMANITIES AND SOCIAL SCIENCES

(An International Peer-Reviewed & Refereed Journal)

Journal Impact Factor No. : 7.01

Editor
Dr. RAJ NARAYAN SHUKHLA

Guest Editor
Dr. DINESH CHANDER SHUKHLA

Editor in Chief
Dr. HARI SHARAN VERMA

Asstt. Editor
Dr. MUKTA SONI

Sub Editor
Dr. PUSHPA
Dr. BEENA PANDEY (SHUKLA)

Art Editor
(MS) MANISHA VERMA

Managing Editor
Dr. SANGEETA VERMA

Legal Advisor
Dr. JASWANT SAINI
SHRI BHAGWAN VERMA

Joint Editor
Dr. PRIYANKA SINGH
Dr. SUBHASH SAINI

Office Assistant
JITENDER GIRDHAR

Computer Operator
MS. NEHA VERMA

- **The responsibility of the originality of the articles/papers shall be of the author.**
- **The editor does not owe any kind of responsibility in this regard**

Dr. Dinesh Chander Shukhla
Guest Editor

Dr. Hari Sharan Verma
D.Litt
Editor in Chief

Dr. Raj Narayan Shukhla
Editor

Dr. Sangeeta Verma
Managing Editor

मानविकी शोध पीठ प्रारम्भ सोसायटी,
गाज़ियाबाद द्वारा संचालित

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय / लेखक	पृष्ठ स.

1.	डॉ० सन्तराम देशवाल के निबंधों में व्यक्ति, परिवार एवं समाज के संदर्भ में सामाजिक चेतना नवीना, प्रो० (डॉ०) आशा सहारण	12–14
2.	गीताजंली श्री के कथा साहित्य में सामाजिक यथार्थ बोध राजरानी, प्रो० (डॉ०) कमला कौशिक	15–17
3.	राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त का भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में अभूतपूर्व योगदान डॉ0 जितेश्वर कुमार पाण्डेय	18–19
4.	वीरेन डंगवाल के काव्य में निहित यथार्थ प्रीति खजूरिया	20–23
5.	नीना पॉल का जीवन परिचय और उनका प्रवासी साहित्य में योगदान किरण कटोच	24–26
6.	हिन्दी साहित्य और संस्कृति में पर्यावरण चिन्तन डॉ0 प्रणव शास्त्री	27–28
7.	हिन्दी साहित्य में पर्यावरण शिक्षा डॉ0 मनुप्रताप	29–32
8.	प्रेमचंद जी की रचनाओ मे नारी अस्मिता की खोजे काजल	33–36
9.	भारतीय दर्शन और अध्यात्म डॉ० नीभा शर्मा	37–41
10.	"हारमोनियम वाद्य की सीमाएं और सम्भावनाऐं Dr. Swati	42–44
11.	"वैश्वीकरण के प्रभाव से भारतीय संगीत का बदलता स्वरूप" Shruti	45–46
12.	महादेवी के काव्य में गीति तत्त्व डॉ० किरण कुमारी	47–49
13.	गढ़वाल हिमालय में पर्यटन एवं उसका क्षेत्रीय सामाजिक आर्थिक विकास पर प्रभाव डॉ0 प्रदीप कुमार	50–53
14.	आचार्य बलदेवराज शांत के गीतों में वेदना डॉ0 दिनेश कौशिक	54–55
15.	हिंदी कहानी में दलित उत्पीड़न का सिलसिला समस्या एवं प्रभाव श्रीमती जयश्री	56–58
16.	वैदिक वाड्.म्य में चिकित्सा शास्त्र डॉ० बबलू शर्मा	59–61
17.	गाजीपुर जनपद के आर्थिक विकास में औद्योगिक अवसंरचना एवं नियोजन की भूमिका–एक भौगोलिक अध्ययन रमेश कुमार भारती, डॉ. कैलाश नाथ तिवारी	62–63
18.	संताली भाषा की विशेषताएँ प्रो0 दयाल चन्द्र मंडल	64–67
19.	निर्मल वर्मा के उपन्यासों में मानवीय संवेदना डॉ0 वर्षा शालिनी कुल्लू	68–69
20.	अमृतलाल के उपन्यासों में आत्महत्या की समस्याएँ रामईश्वर कुमार	70–72
21.	अमृतलाल नागर के उपन्यासों में स्त्रियों की समस्याएँ आशा रानी केरकेट्टा	73–74
22.	भूमंडलीकरण और हिन्दी डॉ0 नवीन कुमार	75–76
23.	प्रभा खेतान के उपन्यासों में भारतीय नारीवाद मंजू बाला	77–78
24.	आदिवासी, साहित्य विमर्श : चुनौतियां और संभावनाएं रेनू	79–82
25.	भ्रष्टाचार का चित्रण और हिन्दी साहित्य (विशेष संदर्भ प्रेमचंद) डॉ0 रजनी दिसोदिया	83–84

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय / लेखक	पृष्ठ स.

26.	कहानीकार अरूण प्रकाश डॉ0 रानी कुमारी	85–87
27.	अस्पृश्यता पर भगत सिंह के विचार तकदीर सिंह	88–90
28	हिन्दी साहित्य की 'वसुधैव कुटुंबकम् साधना' डॉ0 पूनम कुमारी	91–92
29.	दिनकर के काव्य में नारी भावना ज्योति कुमारी	93–95
30.	मैकियावली की रचना 'द प्रिंस': वर्तमान परिदृष्य में प्रासंगिकता Dr. Mamta Rani	96–98
31.	विभूति नारायण राय के उपन्यासों मे राजनीति और प्रशासन : डॉ0 अलका अर्क	99–101
32.	प्रवासी भारतीय हिन्दी लेखन और राष्ट्रीय अस्मिता डॉ0 राजपाल	102–104
33.	डॉ0 राजपाल की मनस्विता में कबीर नीलम कुमारी	105–106
34.	भारत में शहीदों की नगरी शाहजहाँपुर जनपद का भौगोलिक अध्ययन डॉ0 जिलेदार, डॉ0 जुल्फिकार अली	107–111
35.	इक्कीसवीं शताब्दी के आरम्भिक दशकों की कहानियों में नारी–जीवन का अन्तसंघर्ष रेनू, डॉ0 राकेश चन्द्र	112–113
36.	आदिवासी जीवन और कला का सम्बन्ध शकुन्तला बेसरा	114–115
37.	आधुनिक संस्कृत साहित्य में नारी–विर्मश अनुराधा	116–117
38.	झारखंड की युवा कवयित्री जसिंता केरकेट्टा जया जायसवाल, डॉ० ललिता कुमारी	118–120
39.	आधुनिक काल में संगीत का स्वरूर्प ज्योति	121–122
40.	हरभगवान चावला के काव्य में सामाजिक संवेदना किरण	123–125
41.	नागार्जुन–प्रकृति, सौंदर्य एवं प्रेम चेतना श्रीमती सविता	126–128
42.	ज्ञानप्रकाश ' पीयूश' के काव्य में सामाजिक यथार्थवाद किरण	129–131
43.	हिन्दी साहित्य पर महात्मा गाँधी का प्रभाव श्रीमती मनजीत	132–136
44.	वैश्वीकरण के परिप्रेक्ष्य में हिन्दी के प्रति सकारात्मक प्रवृत्तियाँ। प्रियांशु कुमार	137–140
45.	कौटिलीय अर्थशास्त्रम् एवम् आधुनिक लोक प्रशासन एक अध्ययन डॉ0 हरिप्रकाश वाजपेयी	141–143
46.	दसवें दशक के हिन्दी नाटकों में व्यवस्था के प्रति नारी विद्रोह संबंधी दृष्टि डॉ0 संगीता वर्मा	144–146
47.	वैश्विक परिवेश में भारत में उच्च शिक्षा की स्थिति डॉ0 प्रवीण कुमार वर्मा	147–149
48.	हरियाणा के खत्री / अरोड़ा समुदायों की पारिवारिक संरचना का समाजशास्त्रीय विश्लेषण आशु चौहान	150–152
49.	जीवत सव सम चौदह प्रानी डॉ0 जंग बहादुर पाण्डेय 'तारेश'	153–154
50.	हरियाणा के हिंदी कहानी साहित्य में चित्रित कामकाजी महिला डॉ0 मंजीत	155–156

(RNI-UPBIL/2011/38102, ISSN-2231-5837)
JOURNAL IMPACT FACTOR NO. 7.01

निर्मल वर्मा के उपन्यासों में मानवीय संवेदना

19

डॉ0 वर्षा शालिनी कुल्लू

सारांश

निर्मल वर्मा स्वातंत्र्योत्तर युग के एक सशक्त उपन्यासकार हैं। निर्मल वर्मा ने अपने उपन्यासों में मानवीय संवेदना को बखूबी रखा है। मनुष्य के जीवन में मानवीय संवेदना का बहुत बड़ा महत्व है। किसी भी साहित्य में मानवीय संवेदना का न होना साहित्य की आत्मा का न होना है। निर्मल वर्मा ने अपने उपन्यासों में मानवीय संवेदना को ही सबसे ऊपर रखा है। निर्मल वर्मा के उपन्यासों में मानवीय संवेदना को बखूबी देखा जा सकता है। निर्मल वर्मा ने पाँच उपन्यास लिखा है। जो निम्न है —

(1) वे दिन (1964 ई0)

(2) लालटीन की छत (1974 ई0)

(3) एक चिथड़ा सुख (1979 ई0)

(4) रात का रिपोर्टर (1989 ई0)

(5) अंतिम अरण्य (2000 ई0)

निर्मल वर्मा ने अपने सभी उपन्यासों में मानवीय संवेदना के तत्व को ऊपर रखा है।

(1) वे दिन – यह उपन्यास 1964 ई0 में प्रकाशित हुआ है। इस उपन्यास में निर्मल वर्मा ने बखूबी से आधुनिकता बोध के सारे सूत्र को रखे हैं। निर्मल वर्मा ने इस उपन्यास में मानवीय संवेदना के महत्व को दिखाया है। यह उपन्यास यूरोपीय प्रवास की पृष्ठभूमि पर लिखा गया है। इस उपन्यास यूरोपीय पात्रों को लेकर युद्ध के बाद की स्थिति को दिखाया गया है। युद्ध के बाद मानव मन पर क्या प्रभाव पड़ता है इसी को बारीकि से निर्मल वर्मा दिखाने का काम किये हैं। इस उपन्यास का एक पात्र रायना है जो अपने पति से विच्छेद के बाद अपने पुत्र मीता के साथ चेकोस्लोवाकिया में रहती है। निर्मल वर्मा ने इस उपन्यास में युद्ध के बाद की हताशा और अवसाद को बड़ी ही कुशलता से दिखाया है। युद्ध के बाद मानवीय संवेदना जीवन के किसी भी पक्ष में कितना हावी होता है। इसी को दिखाया गया है। इस संदर्भ में मधुरेश कहते हैं — "युद्ध के बाद की हताशा और अवसाद रायना में मूर्त्त होते दिखाई देते हैं। उससे बेहतर शायद उसे और कोई नहीं जानता कि लड़ाई में बचपन नहीं गुजरना चाहिए क्योंकि फिर वह जिंदगी भर पीछा नहीं छोड़ती।"[1]

स्पष्टतः इस उपन्यास में देखा जा सता है बचपन में हुए युद्ध के प्रभावों को मानवीय संवेदना पर कितना गहरा प्रभाव पड़ता है।

(2) लालटीन की छत – इस उपन्यास का प्रकाशन 1974 ई0 में हुआ है। यह उपन्यास शिमला की पृष्ठभूमि में लिखा गया है। इस उपन्यास में काया नाम की एक बच्ची के किशोरी बनने तक की यात्रा को दिखाया गया है। निर्मल वर्मा ने एक बच्ची से किशोरी बनने के उपरांत किस–किस परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है और मानवीय मन में क्या–क्या चलते रहता है उसी को बारीकि से दिखाया है। निर्मल वार्मा ने वयःसंधि की गोपनीयता और रहस्य को मानवीय संवेदना के धरातल पर क्या फर्क पड़ता है?उसी को दिखाया है। इस उपन्यास में 'काया' का अकेलापन उसमें बढ़ती हताशा, आक्रोश और जीवन से झुँझुलाहट को दिखाया है। इसी संदर्भ में गोपाल राय लिखते हैं — "लालटीन की छत' में एक वयःसंधि की ओर बढ़ती लड़की (काया) के इर्द–गिर्द फैली एकाकी, रहस्यपूर्ण, आतंकपूर्ण दुनिया और उसकी यौन चेतना की संवेदनाओं तथा उनसे उत्पन्न मानसिकता का अंकन किया गया है।"[2]

निर्मल वर्मा ने उपन्यासों में मानवीय संवेदना को पात्रों के अनुकूल रखे हैं।

(3) एक चिथड़ा सुख – यह उपन्यास 1979 ई0 में लिखा गया है। इस उपन्यास में 'विट्टी', 'इरा' और 'मुन्नू' और 'नित्तीभाई' की अधूरी जिंदगी की कहानी है। इस उपन्यास में बुद्धिजीवियों के एक साथ रहते हुए अलग–अलग जीने के अनुभव को रखा गया है। आज के मानवीय युग में मनुष्य की सुख की गहरी ईच्छा कहाँ तक पहुँचा सकती है, इस उपन्यास में देखा जा सकता है। आज के युग में मानव संबंधों की जटिलता और गहरी उदासीनता के बीच सुख की तलाश को उपन्यासकार ने मानवीय संवेदना के धरातल पर गहरे रूप में रेखा है। इस उपन्यास में एक–दूसरे से जुड़े होने पर भी पात्र अपनी भीतरी दुनिया में अकेले का दंश झेल रहे हैं। इसी संदर्भ में डॉ0 रामचंद्र तिवारी लिखते हैं — "यह सभी पात्र अपनी पहचान की तलाश में भटक रहे हैं। इसलिए उनका सुख चिथड़ा हो गया है। शायद लेखक यह कहना चाहता है कि वर्त्तमान समाज में मानवीय संबंधों की पहचान नहीं बन पा रही थी। यह आज के संवेदनशील मानव की नियति है।"[3]

डॉ0 रामचंद्र तिवारी की बातों से मैं बिल्कुल सहमत हूँ। मनुष्य अपनी पहचान की तलाश में हतने व्यस्त हो गये हैं कि जीवन में और कुछ दिखता ही नहीं और जीवनपर्यन्त इसी पहचान की होड़ में लगा रहता है। मनुष्य इसी पहचान की तलाश में आज भटक रहे हैं और इसलिए उसका सुख चिथड़ा–चिथड़ा हो गया है। आज के युग में सुख किसी के पास पूरा का पूरा नहीं है। इसका एक और कारण मानवीय संवेदनाओं को अनदेखा करना है। मनुष्य आज यंत्र की भाँति चलना और चलाना चाहता है। और इसी का परिणाम उसके जीवन पर पड़ रहा है। आज के युग में व्यक्ति समाज में रहकर भी अपने को अलग–थलग रखने का प्रयास करता है। वे अपने आप को समाज से कटा रहना ज्यादा पसंद करता है और वर्त्तमान समय में समाज में मानवीय संबंधों की पहचान भी नही कर पा रहे हैं। व्यक्ति इसी संबंधों में उलझकर अपना जीवन बर्बाद कर रहा है। मानवीय संबंधों का पहचान न हो पाना जीवन के प्रति निराश, ऊब पैदा करना है। और इसी के कारण आज मानव समाज का सुख चिथड़ा–चिथड़ा पड़ा हुआ है।

(4) रात का रिपोर्टर – यह उपन्यास 1989 ई0 में प्रकाशित हुआ है। यह उपन्यास इमरजेंसी की पृष्ठभूमि पर लिखा गया है। इस

उपन्यास में 'रात का अँधेरा' आपातकाल का प्रतीक है। इस उपन्यास में व्यक्ति और समाज के भीतर के समाये हुए डर, संत्रास को व्यक्त किया गया है। इस उपन्यास में 'रिशी' पत्रिका का रिपोर्टर है जो शंकालु है और अपने डर से डरा हुआ है। 'रिशी' अपने ही अविश्वास से ग्रस्त है। इस उपन्यास में आतंक, अविश्वास, रहस्य और मानसिक यातना की [illegible] को उजागर किया गया है। उपन्यास के केन्द्रीय पात्र 'रिशी' का आंतरिक संकट आपातकालीन परिस्थितियों से उत्पन्न है। इसी संदर्भ में गोपाल राय लिखते हैं — "उपन्यास में चित्रित रात अंधेरी है जो अपने प्रतिकार्थ में आपातकाल के आंतक और अविश्वास पूर्ण [illegible] को संकेतित करती है। कदाचित् उपन्यासकार रिशी की [illegible] को ग्रस्त किए हुए आतंक को 'मानव नियति के संकट' के रूप में [illegible] चाहता है। एक रहस्यमय, अपरिभाषित दहशत पूरे उपन्यास में [illegible] है।"[4]

निर्मल वर्मा ने इस उपन्यास में मानव नियति को दिखाया है। मानवीय संवेदना के स्तर पर यह उपन्यास बहुत ही अच्छा है। इस उपन्यास ने मानव के भीतर की संवेदनाओं को उभारा है।

[illegible] अरण्य – यह उपन्यास 2000ई0 में प्रकाशित हुआ है। यह उपन्यास परिचित ढाँचे से बिल्कुल अलग है। इस उपन्यास में कई [illegible] पात्र हैं जिनमें पूर्व कलेक्टर मेहरा साहब है। मेहरा साहब की पत्नी [illegible] और बेटी 'तिया' है। इस उपन्यास में इसके अलावे [illegible] बाबू और डॉ0 सिंह हैं। इस उपन्यास में निर्मल वर्मा ने मृत्यु के साक्षात्कार को दिखाया है। पात्र जीवन और मृत्यु के द्वन्द्वमें घिरे [illegible] के बीच में नजर आते हैं। इसी संदर्भ में डॉ0 रामचंद्र तिवारी लिखते हैं — "पात्र जीवन और मृत्यु के रहस्यों में उलझे [illegible] देते हैं। मृत्यु क्या है?क्या इसके साथ जीवन का अंत हो जाता है? [illegible] जो आदमी मरता है, वह वही होता है, जो पैदा है?जो जीवन [illegible] है वह क्या अपनी इच्छानुकूल अपनी शर्तो पर जीते हैं?ऐसा [illegible] नहीं होता।"[5]

डॉ0 रामचंद तिवारी ने सच ही कहा है कि इस उपन्यास में मृत्यु के रहस्यों को पूरे तन्मयता के साथ खोलने का प्रयास किया है। इस उपन्यास में कई रहस्यमयी प्रश्नों को उठाया गया है। कई सारे [illegible] स्वाभाविक भी दिखता है। निर्मल वर्मा ने इस उपन्यास के [illegible] जीवन और मृत्यु के रहस्यों पर विचार किया है।

[illegible]

निष्कर्षतः कहा जा सकता है निर्मल वर्मा ने अपने उपन्यासों में मानवीय संवेदना को बहुत ही बारीकि से रखने का काम किये हैं। निर्मल वर्मा का उपन्यास पाठकों के ऊपर गहरे प्रश्न छोड़ते हुए नजर आते हैं। निर्मल वर्मा ने अपने उपन्यासों में एक अलग ही दुनिया [illegible] है। निर्मल वर्मा ने मानव मन में चल रहे द्वन्द्वों को बखूबी से [illegible] है। निर्मल वर्मा अपने समय के बड़े उपन्यासकार के रूप में गिने जाते हैं। निर्मल वर्मा ने दिखाया है कि मानव मन में संवेदना कितनी [illegible] होती है। बिना संवेदना के मानव मन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। अतः स्पष्ट रूप से यह कहा जा सकता है कि मानव के मन में चल रहे संवेदनाओं का संग्रह ही साहित्य का निर्माण करता है। [illegible] साहित्य में बिना इसके काम नहीं चल सकता है, और निर्मल वर्मा ने अपने उपन्यासों में अनिवार्य रूप से गहन चिंतन के साथ रखा है।

संदर्भ – सूची :

1. मधुरेश, हिन्दी उपन्यास का विकास, सुमित प्रकाशन इलाहाबाद, प्रकाशन वर्ष 2009, पृ0 195
2. गोपाल राय, हिन्दी उपन्यास का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रकाशन वर्ष 2005, पृ0 287
3. डॉ0 रामचंद्र तिवारी, हिन्दी का गद्य–साहित्य, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, प्रकाशन वर्ष 1955, पृ0 275
4. गोपाल राय, हिन्दी उपन्यास का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रकाशन वर्ष 2005, पृ0 288
5 डॉ0 रामचंद्र तिवारी, हिन्दी का गद्य–साहित्य, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, प्रकाशन वर्ष 1955, पृ0 276

सम्पर्क सूत्र –

डॉ0 वर्षा शालिनी कुल्लू,

सहायक प्राध्यापिका,

हिन्दी विभाग,

गोस्सनर कॉलेज, राँची,

मो0 नं0 7765925197

फ्लैट नं0 – 2/ए

ब्लॉक ए, असारी रसिडेन्सी

दिनकर नगर, गितिलपीड़ी,

हटिया, राँची – 834003